# गौवंश को संरक्षित करने के लिए प्रशासनिक स्तर से स्थायी और अस्थाई गौ आश्रय स्थल संचालित

शावेज अहमद

रामपुर ।सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने के लिए प्रशासनिक स्तर से स्थायी और अस्थाई गौ आश्रय स्थल संचालित हैं।

मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल ने बताया कि तहसील शाहबाद के अंतर्गत संचालित वृहद गौ संरक्षण केंद्र किरा में 805 गौवंश संरक्षित हैं वहीं अस्थाई गौशाला बमनपुरी में 20 गोवंश वर्तमान में संरक्षित हैं। इसके साथ-साथ ऊंचागांव में करीब 60 लाख रुपए की लागत से 200 गौवंश की क्षमता वाली अस्थाई गौशाला अगले 01 सप्ताह में प्रारम्भ हो जाएगी वहीं ढकिया में भी करीब 60 लाख रुपए की लागत से निमार्णाधीन 200 गौवंश की क्षमता वाली अस्थायी गौशाला अगले 15 दिवस में शुरू कराने की तैयारी है।

तहसील मिलक के अंतर्गत वृहद गौ संरक्षण केंद्र नसीराबाद में 480 गोवंश संरक्षित हैं साथ ही 45 लाख रुपए की लागत से 100 गौवंश की क्षमता वाली अस्थाई गौशाला परम का संचालन एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ करा दिया जाएगा।

नगर पंचायत मसवासी में 1.64 करोड़ रुपए की लागत से 400 गौवंश की क्षमता वाली कान्हा गौशाला का संचालन भी इसी सप्ताह होना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार निराश्रित पशुओं को सुरक्षित करने के लिए प्रशासनिक स्तर से सभी जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बृहद गौ संरक्षण केंद्र के साथ-साथ अस्थाई गौ शालाओं में भी गोवंश के लिए पर्याप्त चारा पानी के साथ-साथ सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पशुओं के स्वास्थ्य के नियमित परीक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत इन गौशालाओं से गौवंश पालकों को उनकी पसंद के गौवंश दिए जाते हैं जिनकी देखभाल के लिए प्रत्येक माह 900 रुपए प्रति गौवंश प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 86 गौवंश दिए जा चुके हैं।

# अशासकीय सहायता प्राप्त प्रबंध सभा गाजीपुर के जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश व महासचिव चंदन यादव बने

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर--डी.ए.वी इंटर कॉलेज गाजीपुर के प्रांगण में अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा - उत्तर प्रदेश के गाजीपुर इकाई का गठन प्रदेश मंत्री मनोज कुमार सिंह एवं वाराणसी मंडल प्रभारी गजेंद्र सिंह के संरक्षण में संपन्न हुआ।



जिसमें सर्वसम्मति से गाजीपुर का जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश आर्य व महासचिव चंदन यादव को चुना गया । प्रथम जिला उपाध्यक्ष के रूप में इम्तियाज अहमद व द्वितीय जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रफुल्ल कुमार सिंह चुने गए। सचिव के रूप में कपूर चंद गुप्ता कोषाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह जनसंपर्क अधिकारी रणधीर सिंह एवं सदस्य के रूप में अशोक यादव, पंकज सिंह, अनिल सिंह, सुनील कुमार सिंह ,हरेंद्र सिंह को उपस्थित प्रबंधक बंधुओं ने अपना प्रतिनिधित्व करने हेतु चुना।

नवगठित समिति का संरक्षण संरक्षक के रूप में श्री योगेश चंद्र सिंह, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री अरुण कुमार सिंह करेंगे।

जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश ने अपने प्रथम उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा धारा 18 व धारा 21 पर संशोधन के पक्ष में हमारा संगठन है। इस संशोधन से ऐडेड विद्यालय के प्रबंधकों का हाथ मजबूत होगा । जिससे शिक्षा का स्तर विद्यालयों में पूर्ण रूप से सुधर जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के प्रबंधक बंधुओं की जो भी समस्या होगी । उसे वह संगठन को अवगत कराएंगे । जिला, मंडल और प्रदेशस्तर के अधिकारियों, नेताओं को मंत्रियों के माध्यम से उस समस्या को दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

वाराणसी मंडल के प्रभारी श्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रबंधकों के छीने गए अधिकार को पुनः प्राप्त करने हेतु हम सभी लोग संगठित होकर एक साथ लड़ेंगे तो निश्चित रूप से वह सारे अधिकार हमें पुनः प्राप्त होंगे।

प्रदेश मंत्री श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अबकी बार आर- पार की लड़ाई होगी या तो पूर्व की सरकारों द्वारा प्रबंधकों के अधिकारों का जो हनन किया गया है। उसे वर्तमान सरकार वापस करें ।अन्यथा हम सभी अनुदान प्राप्त विद्यालय के प्रबंधक अपना अनुदान वापस करने का अंतिम निर्णय प्रदेश स्तर पर लेने के लिए मजबूर होंगे। जिसका जिम्मेदार वर्तमान सरकार होगी।

इस अवसर पर अवधेश कुमार राय ,पंकज कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सविता सिंह, कलावती सिंह, सुनील कुमार सिंह, ए.के. सिंह ,डॉ.अशोक सिंह, बृजेश कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, उत्तम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में हैदर अली खान टाईगर ने किया जनसम्पर्क

## कहा- गंगा-जमुनी तहजीब को जिंदा रखने के लिए सपा उम्मीदवार को जीतायें

बिकास राय\ ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ। घोसी विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के समर्थन में सपा के वरिष्ठ नेता हैदर अली खान टाइगर ने दर्जनो गांव में जनसम्पर्क कर भारी बहुमत से साइकिल को जिताने के लिए अपील किया। उन्होने कहा कि भाजपा हिंदू मुसलमान को आपस में लड़ाकर अंग्रेजो की तरह देश पर राज करना चाहती है। टाइगर ने बताया कि हिंदू और मुसलमान हिंदूस्तान की दो आंखे है, दोनो कौम



ने आजादी में अपनी अपनी बढ़ चढ़ कर कुबार्नी दी है, वर्तमान में देश के विकास में हिंदू और मुसलमान दोनो का योगदान है इसलिए आप लोग साम्प्रदायिक ताकतो से सतर्क हो जाईए और सपा को भारी मतो से जिताईये। जनसम्पर्क के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाफर अली खां, मुसाहिद खां, रेयान खां, किशन सोनी, अरसद अंसारी, इरफान अंसारी, हसन खां आदि लोग उपस्थित थे।

# सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ९ सितंबर से चित्रकूट में होगी

## सहकारी समितियों के सदस्यता अभियान में सभी सहभागी बनें- डा प्रवीण सिंह जादौन

*जनपद की पांच सहकारी समितियों को माडल बनाने का कार्य करेगी सहकार भारती :उपेंद्र*

दैनिक समाज जागरण

उरई । सहकारिता ही गांव की आर्थिक उन्नति का आधार है सहकार भारती इसी दिशा में कार्य कर रही है सब बराबर हों, सबका आत्मसम्मान सुरक्षित हो। यह विचार उरई क्लब के पास स्थित सहकार भारती के कार्यालय में सहकार भारती के जिला पदाधिकारियों की बैठक में सहकार भारती के उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने व्यक्त किए। वह सहकार भारती, उत्तर प्रदेश की चित्रकूट मे आगामी ९ वा १० सितंबर को उद्यमिता विद्या पीठ विवेकानंद सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की तैयारी हेतु जनपद जालौन में सहकार भारती के पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार पर चर्चा कर रहे थे उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश के पांच सौ दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित होगे बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने सहकारीजनों का आह्वान करते हुए कहा कि सहकार भारती शुद्ध सहकारिता की भावना की रक्षा के लिए निरंतर काम करती रहेगी। वर्तमान समय में सहकारी समितियों



में नए सदस्य बनाने का अभियान चलाया जा रहा है सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सहकारी समितियों के सदस्य बने सहकार भारती पैक्स प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सतीश सिंह सेंगर ने कहा कि चित्रकूट में आयोजित होने वाली सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सहकारिता के विकास के लिए चिंतन, मनन एवं भविष्य की योजनाओं को तैयार किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए झांसी विभाग के सह संयोजक प्रवीण भार्गव ने कहा कि सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आर एस एस का सहकारिता क्षेत्र का देश व्यापी संगठन है जनपद जालौन के सभी पदाधिकारी प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करेगे जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि सहकार भारती जनपद जालौन में पांच सहकारी समितियों को माडल बनाने का कार्य करेगी प्रदेश कार्यसमिति में जनपद के पदाधिकारी एक सप्ताह पूर्व प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में व्यवस्था की दृष्टि से चित्रकूट में प्रवास करेगे बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुरजीत सिंह राठौर सोमेश सोमेंद्र सिंह उदय प्रताप सिंह विक्रम सिंह कुशवाहा जगपाल सिंह यादव राजेश कुमार प्रजापति उपेंद्र सिंह बुंदेला ब्रजेश कश्यप अखिलेश चक्रवर्ती राहुल समाधियां मनोज कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे

# जालौन कोतवाली परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुठौन्द थानाध्यक्ष सहित 38 पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान

उरई(जालौन)।आज थाना जालौन कोतवाली परिसर में जालौन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तथा ब्लड बैंक जिला अस्पताल उरई के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी जालौन द्वारा फीता काटकर किया गया एवं ब्लड बैंक चिकित्सा अधीक्षक व उनकी टीम द्वारा प्रातः 11 बजे थाना परिसर में पहुंचकर शिविर प्रारंभ किया गया। उक्त शिविर में थाना कोतवाली पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी गणों तथा थाना सिरसाकलार प्रभारी निरीक्षक व कुठौंद थानाध्यक्ष द्वारा रक्तदान किया



गया । पुलिस वालों की प्रेरणा व प्रोत्साहन से आमजनता के लोगों व स्थानीय पत्रकार बंधुओ ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। शिविर में कुल 38 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । जिसके लिए चिकित्सकों द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया व प्रोत्साहन हेतु सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए । शिविर के आयोजन के दौरान उपजिलाधिकारी जालौन भी उपस्थित रहे ।

# शिव के रुद्राभिषेक से होते हैं 18 आश्चर्यजनक लाभ, चौंक जाएंगे आप जानकर-आचार्य लक्ष्मण चौबे

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

**सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज में सम्पन्न किया गया रूद्राभिषेक**

रुद्र अर्थात भूतभावन शिव का अभिषेक। शिव और रुद्र परस्पर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। शिव को ही 'रुद्र' कहा जाता है, क्योंकि रुतम्-दुःखम्, द्रावयति-नाशयतीतिरुद्रः यानी कि भोले सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं।

हमारे धर्मग्रंथों के अनुसार हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों के कारण हैं। रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में शिवत्व का उदय होता है तथा भगवान शिव का शुभाशीर्वाद भक्त को प्राप्त होता है और उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। ऐसा कहा जाता है कि एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है।

रुद्रहृदयोपनिषद में शिव के बारे में कहा गया है कि सर्वदेवात्मको रुद्रः सर्वे देवाः शिवात्मका अर्थात सभी देवताओं की आत्मा में रुद्र उपस्थित हैं और सभी देवता रुद्र की आत्मा हैं। हमारे शास्त्रों में विविध कामनाओं की पूर्ति के लिए रुद्राभिषेक के पूजन के निमित्त अनेक द्रव्यों तथा पूजन सामग्री को बताया गया है। साधक रुद्राभिषेक पूजन विभिन्न विधि से तथा विविध मनोरथ को लेकर करते हैं। किसी खास मनोरथ की पूर्ति के लिए तदनुसार पूजन सामग्री तथा विधि से रुद्राभिषेक किया जाता है।

रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली के महापाप भी जलकर भस्म हो जाते हैं और हममें शिवत्व का उदय होता है। भगवान शिव का शुभाशीर्वाद प्राप्त होता है। सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है।रुद्राभिषेक के विभिन्न पूजन के लाभ इस प्रकार हैं-

ड्ड जल से अभिषेक करने पर वर्षा होती है।
ड्ड असाध्य रोगों को शांत करने के लिए कुशोदक से रुद्राभिषेक करें।

ड्ड भवन-वाहन के लिए दही से रुद्राभिषेक करें।
ड्ड लक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करें।
ड्ड धनवृद्धि के लिए शहद एवं घी से अभिषेक करें।
ड्ड तीर्थ के जल से अभिषेक करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।
ड्ड इत्र मिले जल से अभिषेक करने से बीमारी नष्ट होती है।
ड्ड पुत्र प्राप्ति के लिए दुग्ध से और यदि संतान उत्पन्न होकर मृत पैदा हो तो गोदुग्ध से रुद्राभिषेक करें।
ड्ड रुद्राभिषेक से योग्य तथा विद्वान संतान की प्राप्ति होती है।
ड्ड ज्वर की शांति हेतु शीतल जल/गंगाजल से रुद्राभिषेक करें।

ड्ड सहस्रनाम मंत्रों का उच्चारण करते हुए घृत की धारा से रुद्राभिषेक करने पर वंश का विस्तार होता है।
ड्ड प्रमेह रोग की शांति भी दुग्धाभिषेक से हो जाती है।
ड्ड शकर मिले दूध से अभिषेक करने पर जड़बुद्धि वाला भी विद्वान हो जाता है।
ड्ड सरसों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रु पराजित होता है।
ड्ड शहद के द्वारा अभिषेक करने पर यक्ष्मा (तपेदिक) दूर हो जाती है।
ड्ड पातकों को नष्ट करने की कामना होने पर भी शहद से रुद्राभिषेक करें।
ड्ड गोदुग्ध से तथा शुद्ध घी द्वारा अभिषेक करने से आरोग्यता प्राप्त होती है।
ड्ड पुत्र की कामना वाले व्यक्ति शकर मिश्रित जल से अभिषेक करें। ऐसे तो अभिषेक साधारण रूप से जल से ही होता है।



परंतु विशेष अवसर पर या सोमवार, प्रदोष और शिवरात्रि आदि पर्व के दिनों में मंत्र, गोदुग्ध या अन्य दूध मिलाकर अथवा केवल दूध से भी अभिषेक किया जाता है। विशेष पूजा में दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से अलग-अलग अथवा सबको मिलाकर पंचामृत से भी अभिषेक किया जाता है। तंत्रों में रोग निवारण हेतु अन्य विभिन्न वस्तुओं से भी अभिषेक करने का विधान है। इस प्रकार विविध द्रव्यों से शिवलिंग का विधिवत अभिषेक करने पर अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है।

आचार्य पंडित लक्ष्मण चौबे ने बताया की इसमें कोई संदेह नहीं कि किसी भी पुराने नियमित रूप से पूजे जाने वाले शिवलिंग का अभिषेक बहुत ही उत्तम फल देता है किंतु यदि पारद के शिवलिंग का अभिषेक किया जाए तो बहुत ही शीघ्र चमत्कारिक शुभ परिणाम मिलता है। रुद्राभिषेक का फल बहुत ही शीघ्र प्राप्त होता है।

वेदों में विद्वानों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। पुराणों में तो इससे संबंधित अनेक कथाओं का विवरण प्राप्त होता है। वेदों और पुराणों में रुद्राभिषेक के बारे में कहा गया है और बताया गया है कि रावण ने अपने दसों सिरों को काटकर उसके रक्त से शिवलिंग का अभिषेक किया था तथा सिरों को हवन की अग्नि को अर्पित कर दिया था जिससे वो त्रिलोकजयी हो गया।

भस्मासुर ने शिवलिंग का अभिषेक अपनी आंखों के आंसुओं से किया तो वह भी भगवान के वरदान का पात्र बन गया। कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान, शिक्षा में रुकावट सभी कार्यों की बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है।

ज्योतिर्लिंग क्षेत्र एवं तीर्थस्थान तथा शिवरात्रि प्रदोष, श्रावण के सोमवार आदि पर्वों में शिववास का विचार किए बिना भी रुद्राभिषेक किया जा सकता है। वस्तुतः शिवलिंग का अभिषेक आशुतोष शिव को शीघ्र प्रसन्न करके साधक को उनका कृपापात्र बना देता है और उनकी सारी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। अतः हम यह कह सकते हैं कि रुद्राभिषेक से मनुष्य के सारे पाप-ताप धुल जाते हैं।

आचार्य लक्ष्मण चौबे कहते हैं की स्वयं सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने भी कहा है कि जब हम अभिषेक करते हैं तो स्वयं महादेव साक्षात उस अभिषेक को ग्रहण करते हैं। संसार में ऐसी कोई वस्तु, वैभव, सुख नहीं है, जो हमें रुद्राभिषेक करने या करवाने से प्राप्त नहीं हो सकता है।

सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज में आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम में लक्ष्मण चौबे एवं डब्लू पाण्डेय के द्वारा सभी पूजन सम्पन्न कराया गया।इस पूजन के अवसर पर सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर की ट्रस्टी मां सावित्री सिंह, प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर, डाक्टर प्रीति सिंह,राम जी गिरी, गोविन्द एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। रूद्राभिषेक के पश्चात हवन एवं आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

# कोतवाली उरई पुलिस ने एस ओजी, सर्विलांस टीम के सहयोग से घायल की पत्नी सहित चार हमलावर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

उरई(जालौन)।थाना कोतवाली उरई पुलिस एवं एस-।ओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्गत धारा 307 भादवि से सम्बन्धित 03 अभियुक्त एवं 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर अभियुक्तों की निशांदेही पर 01 अदद तमन्चा बरामद करने के सम्बन्ध में असीम चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पुलिस लाइन उरई में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि घायल संजय राजपूत की पत्नी अंजली ने अपने प्रेमी विनोद कुमार यादव उर्फ मोनू पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव निवासी वार्ड न.10 काजीपाठा थाना भाण्डेर जिला दतिया म.प्र.के साथ प्रेम प्रसंग में बाधक पति संजय राजपूत को मारने की योजना बनाकर 8 लाख रुपये में किराए के हत्यारों से सौदा कर ली। जिसमें चार लाख रुपये हत्यारों को एडवांस दे दिया गया था।जिन्होंने संजय राजपूत को 12 अगस्त को सुबह मुहल्ला तुलसी नगर उरई में घर के पास कुत्ते को घुमाते समय चार लोगों द्वारा गोली मार दी गई थी।जिसे मुहल्ला वाले तुरंत उपचार हेतु जिला अस्पताल उरई ले गए जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रिफर कर दिया गया।जिसके भाई द्वारा कोतवाली में लिखित रूप से अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी।जिसकी जांच में कोतवाली उरई पुलिस असफल होने पर एसपी एवं डीआईजी द्वारा एसओजी,सर्विलांस टीमों को घटना की जांच में लगाया गया।तो सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पता चला कि घटना में घायल संजय राजपूत की पत्नी अंजली को शामिल होना पाया गया।तो पुलिस ने संजय की पता अंजली से पूंछ तांछ की तो घटना का पूरा पदार्फाश हो गया। जिसमें शामिल अभियुक्त विनोद केवट पुत्र ग्यासी केवट निवासी नादिया थाना पण्डोखर जिला दतिया म.प्र.जितेन्द्र पुत्र स्व.जगदीश केवट निवासी मुहल्ला वार्ड न.10 काजीपाठा थाना भाण्डेर जिला दतिया,रवीन्द्र माली उर्फ ड्राइबर पुत्र रामकिशुन निवासी मुहल्ला कटरा थाना समथर जिला झांसी, श्री मती अंजली राजपूत पत्नी संजय राजपूत निवासी मुहल्ला तुलसी नगर उरई को 315 बोर तमंचा व एक खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## वरुड तिवसा के पास सड़क दुर्घटना में मुलताई के एक युवक की मौत, एक युवक गंभीर

मुलताई- वरूड तीवसा के पास शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में नगर के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि नगर के दो युवक जो गणेश उत्सव के लिए मूर्ति बुक करने मोटरसाइकिल से महाराष्ट्र के मोर्शी गए हुए थे। जहा से वापस लौटते समय वरूड तिवसा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वे दूर फीका गए। जिसमे से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुलताई निवासी लक्ष्य उर्फ लक्की साबले (22साल) और देव चंदेल (23 साल) बाइक से मोर्शी गए हुए थे। परिजनों के अनुसार मोहल्ले में गणेश उत्सव मनाया जाता है और गणेश उत्सव के लिए मोर्शी से मूर्ति लाई जाती है। मोर्शी जाकर यह लोग मूर्ति बुक कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान वरुड तिवसा के पास एक अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे मौके पर ही लक्ष्य की मौत हो गई। वहीं देव बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से देव को मुलताई के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ( भावाधस ) ने किया संगोष्ठी का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ( भावाधस ) द्वारा सेक्टर 34 स्थित मोरना बारात घर में महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पश्चिमी उत्तरप्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मुकेश प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसीपी सुशील कुमार एवं भावाधस के सर्वोच्च निदेशक स्वामी चंद्र पाल अनार्य द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महर्षि वाल्मीकि जी व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर पुष्प अर्पित



कर किया गया। इस अवसर पर भावाधस के सर्वोच्च निदेशक स्वामी चंद्र पाल अनार्य ने बोलते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज को महर्षि वाल्मीकि जी से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से पूरे विश्व को आलोकित किया। बाल्मीकि समाज को शिक्षा की अति आवश्यकता है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक वह अपने अधिकारों को नहीं जानेगा। भावाधस का उद्देश्य वाल्मीकि समाज से अज्ञानता, पाखंड को दूर कर उन्हें शिक्षा की तरफ प्रेरित करना है। इस अवसर पर एसीपी सुशील कुमार ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षित व्यक्ति बड़े बड़े मुकाम को हासिल कर लेता है। शिक्षा ही हमें सही गलत की पहचान करवाती है। अज्ञानता का अंधेरा शिक्षा के प्रकाश से ही दूर किया जा



सकता है। भवाधस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सूद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश समाज को जाग्रत करना है। हमारा समाज सबसे ज्यादा गरीब है, अशिक्षित है और नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मुकेश प्रधान ने कहा कि वाल्मीकि समाज बंटा हुआ है जिसे एकजुट करने की आवश्यकता है। हमारा समाज अशिक्षा की वजह से आज तक अपने अधिकारों से वंचित है। समाज में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर पुरानी सोच को बदला जा सकता है। इस अवसर पर भावधस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सूद, रविन्द्र पतबाड़ी, संतोष चौटाला, विनोद नेता जी, रोहताश, सुनील सील, संजय धींगान, राकेश चंदेल, ताराचंद मकवाना, सुरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

# जिला बनने से लोगों को सुविधा मिलती है तो भाजपा करेगी विचार:-संजय केलकर

मुलताई -विधानसभा क्षेत्र में चंद्रशेखर देशमुख को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद फीडबैक लेने मुलताई पहुंचे मुंबई ठाणे से भाजपा विधायक संजय केलकर ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुलताई विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे, मनीष माथनकर उपस्थित थे। अजय केलकर मुलताई को जिला बनाने के मामले को पहले टाल गए थे किंतु फिर उन्होंने इस संबंध में कहा कि भाजपा जिससे लोगों को सुविधा होती है ऐसा काम करती है अगर अलग जिला करने से लोगों को सुविधा मिलने वाली है तो भाजपा शासन आने वाले दिनों में निश्चित रूप से इस पर विचार करेगा। संजय केलकर 9 दिनों से मुलताई प्रवास पर रहकर पीडियो से भाजपा से जुड़े कार्यकताओं, अलग-अलग संगठन, स्वयं सहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकताओं से विधानसभा के विभिन्न राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा कर जानकारी जुटा रहे थे आज उन्होंने एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से मुलताई विधानसभा के संबंध में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मुलताई क्षेत्र में भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है हर बुथ में, हर गांव में, बुथ प्रमुख से लेकर पन्ना प्रमुख तक अच्छा वायुमंडल है और भारतीय जनता पार्टी को आगामी चुनाव में जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत से लग गए हैं।

## स्थानीय विधायक को लेकर लोगों में है गुस्सा

महाराष्ट्र विधायक ने कहां की मैं जब लोगों से मिला तो मैंने देखा कि स्थानीय कांग्रेस विधायक के प्रति लोगों में गुस्सा है उन्होंने एक भी दिखाने लायक या सुनाने लायक काम नहीं किया। वह विधायक है मंत्री भी रहे मगर वैसा काम नहीं किया जिस प्रकार से काम होना था । कांग्रेस सिर्फ श्रेय की राजनीति करती है और हम सब का साथ सबके विकास की बात करते हैं।

35 गांव के लोगों ने कहा हम खुश हैं समाधान हो रहा है।

मुलताई क्षेत्र के 35 असिंचित ग्रामों के किसानों में रोष और उनकी सिंचाई समस्याओं के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से 35 ग्रामों के प्रतिनिधि मंडल के भेंट के बाद मैं उन ग्रामों में जाकर किसानों से चर्चा की उनका रोष वाजिब था किंतु अब मुख्यमंत्री से मिलने के बाद वह किसान कह रहे हैं कि अब कोई बात नहीं है समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश दिए हैं और बांध स्वीकृति के बाद इसका लाभ किसानों को मिल सकेगा पहले भी चंद्रशेखर देशमुख ने क्षेत्र में 32 बंद स्वीकृत कर आए थे जो आज क्षेत्र के लिए वरदान है ।

# परिवर्तन : मेरे गाँव की माटी में हो रही है बागवानी

## दार्जिलिंग की तरह बिहार के किशनगंज जिले में भी चाय की खेती हो रही है विकसित

**किशनगंज जिले की संस्कृति बन गई है चाय की खेती**

**ड्रैगन फ्रूट की खेती ने ठाकुरगंज को एक अलग पहचान दी ।**

धनंजय, दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । बिहार के किशनगंज जिले को उत्तर-पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है । एक समय था जब किशनगंज को बिहार का चेरापूंजी कहा जाता था। किशनगंज में भारी वर्षा के कारण यह धान और जूट की खेती के लिए प्रसिद्ध था। लेकिन अब किशनगंज पिछले 30 सालों से चाय की खेती के साथ ड्रैगन फ्रूट व अनानास आदि के लिए मशहूर है ।

किशनगंज को बिहार की चाय नगरी भी कहा जाता है। चाय, ड्रैगन फ्रूट व अनानास की खेती व्यावसायिक रूप ले लिया है।

पहले किशनगंज जिले में किसान चाय की पत्ती औसतन 10-12 रुपये प्रति किलो की दर से बेचते थे । लेकिन अब इसकी अच्छी कीमत मिल रही है । इसका कारण देश-विदेश में बढ़ती मांग है । इससे यहां चाय का उत्पादन बढ़ा है । साथ ही किसानों की आय में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है ।

गलगलिया के चाय किसान गणेश राय, ओंकारनाथ राय, रमण राय, संजय राय, फिदा हुसैन, लक्ष्मी सिंह, प्रेम झा और कई अन्य चाय बागान मालिकों ने बताया कि इसे बिहार का चाय शहर कहा जाता है क्योंकि चाये 1990 में खेती शुरू हुई, इसी को देखते हुए बिहार के सीएम ने किशनगंज को टी सिटी बनाने की घोषणा भी की, लेकिन यह घोषणा परवान नहीं चढ़ सकी । अगर किशनगंज को चाय नगरी का दर्जा मिल जाता तो यहां के चाय उत्पादक किसानों की स्थिति भी अच्छी होती और अन्य किसानों का रुझान भी चाय की खेती की ओर होता । किशनगंज जिले में





कोई चाय बोर्ड नहीं है । यह चाय बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय इस्लामपुर, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल के अधीन है।

चाय की खेती दार्जिलिंग जिले के पास गलगलिया के अलावा पोठिया, किशनगंज और ठाकुरगंज में बड़े पैमाने पर की जाती है और किशनगंज जिले के गलगलिया में भारत-नेपाल की सीमा पर भी कई एकड़ में चाय की खेती की जाती है जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलता है।

चाय के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियाँ किशनगंज जिले में उपलब्ध हैं, जिसे बिहार का चेरापूंजी भी कहा जाता है । किशनगंज जिले में बिहार के अन्य जिलों की तुलना में अधिक वर्षा होती है जो चाय की खेती के लिए अनुकूल है।

गलगलिया और किशनगंज में दस चाय प्रोसेसिंग फैक्ट्री हैं । इन फैक्ट्री में बनी चाय बिहार के दूसरे जिले के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी खूब बिक रही है। केवल गलगलिया में तीन चाय फैक्ट्री हैं और कई अन्य फैक्ट्री निमार्णाधीन हैं। ठाकुरगंज ब्लॉक में ग्रीन टी प्रोसेसिंग फैक्ट्री भी है।

सच माना जाए तो चाय की खेती किशनगंज जिले की संस्कृति बन गई है। वहीं ठाकुरगंज में हो रही ड्रेगन फ्रुट की खेती के निरीक्षण के क्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निदेशक ए के अग्रवाल कुछ दिन पूर्व जैन एग्रो फॉर्म ठाकुरगंज पहुँच कर ड्रेगन फ्रूट उत्पादक कृषक नागराज नखत से खेती के तौर तरीके के संबंध में विस्तृत जानकारी ली थी । इस दौरान निदेशक ए के अग्रवाल ने बिहार के इस सुदूर कस्बाई क्षेत्र में राज्य में सबसे पहले ड्रेगन फ्रूट के खेती शुरू तथा उत्पादन के लिए साधूवाद दिया था ।

# भगोड़े अधिकारियों की नकेल कसने के लिए जब सरकार ने निकाला पत्र तो बना रहे बहाने

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास ब्यूरो**

प्रखंड स्तर पर अंतरविभागीय कार्यों के समन्वय के लिए सरकार के स्तर पर की गई पहल का आम जनता को कितना लाभ होता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। प्रखंड स्तर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ही निर्वाचन, गणना, आपदा और विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य महत्वपूर्ण अंतरविभागीय कार्यों के ससमय निष्पादन में मौजूद पाए जाते हैं । आए दिन जनता की समस्याओं के निदान और विकासात्मक कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक नही पहुँच पाने के कारण आम आदमी और जनप्रतिनिधिगण विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट कर परेशान हो जाते हैं । चाहे राशन हो या टेक होम राशन , स्कूल का संचालन हो या ढअउर से धान अधिप्राप्ति , बीज वितरण हो या अन्य कृषि अनुदान वितरण, दवा वितरण हो या टीकाकरण - सभी कार्यों के लिए आम आदमी थक हार कर बिड़ीओ साहेब के दफ्तर पहुँचता है, तब ये समझता है कि, साहब इन विभाग के कार्यों को अभी करा देंगें मगर विभागीय प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों पर नियंत्रण का अभाव बी॰डी॰ओ॰ साहब को मात्र सान्त्वना प्रदान करने वाले अधिकारी बना कर छोड़ देता है । कई बार बीडीओ साहेब अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ते हुए कहते है की ये सब वो नही देखते। बीडीओ साहब को आयुष्मान भारत योजना का अध्यक्ष, प्रखंड कालाजार समिति का अध्यक्ष, पल्स पोलियों अभियान का अध्यक्ष और ऐसी कई योजनाओं के अध्यक्ष के तमगे से विभूषित तो कर दिया गया है मगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियंत्रण शून्य है। बीडीओ साहब को आई॰सी॰डी॰एस॰ में प्रखंड कार्यक्रम समिति का उपाध्यक्ष भी है मगर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में नियंत्रण उनका शून्य है। बीडीओ साहब मध्याह्न भोजन योजना के अध्यक्ष के रूप में अलंकृत हैं मगर उनकी क्या मजाल कि वे स्कूल के मध्याह्न भोजन की व्यवस्था सुधार दें। जन्म मृत्यु के अपर ज़िला रेजिस्ट्रार हैं बीडीओ मगर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी रजिस्ट्रार महोदय के ऊपर जिम्मेवारी डाल कर ध्यान तक नहीं देते।अब जब सरकार ने प्रखंड स्तर पर समन्वय समिति बनाकर बीडीओ को इनकी मॉनिटरिंग की शक्ति प्रदान करते हुए उन्हें जिम्मेवारी से भागने पर रोक लगा दी है। बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के संकल्प दिनांक 25/08/2023 का विरोध कई प्रखंड स्तर के कार्यलय से गायब अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, उनके द्वारा अनर्गल प्रलाप किए जा रहे है कि बीडीओ का वेतनमान कम है और वो मॉनिटरिंग नही कर सकते। ज्ञात हो कि बीड़ीओ वित्त विभाग के संकल्प 2216 दिनांक 27-02-2019 के द्वारा लेवल 9 का राजपत्रित पद है। बीडीओ लेवल 7 का पद नही है। इस सम्बन्ध में बीडीओ रवि राज ने कहा कि सरकार का यह कदम काबिलेतारीफ है और बिहार के विकास को द्रुत गति देने में कारगर साबित होगा। सरकार के इस निर्णय से आम जनता बगैर परेशान हुए अपनी समस्याओं से निजात पा लेगी। शायद प्रखंड/अंचल पर हो रही आमजनों की समस्या और बढ़ते प्रशासनिक आरकजकता को भांपकर ही सरकार द्वारा सोच विचार कर ही समन्वय समिति की नयी व्यवस्था को लेकर आई है और बीडीओ को सभी विभागों का समन्वय करने हेतु महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सरकार का यह पहल विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहूंचाने में कितना सफल होगा यह तो समय ही बताएगा। बहरहाल सरकार के इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए।

# नबीनगर बीआरसी परिसर मे रसोइया संघ की बैठक मे पदाधिकारियो पर गंभीर आरोप की गई नारेबाजी

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 27 अगस्त 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के बीआरसी परिसर मे आज प्रखंड के रसोइया संघ की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार चंद्रवंशी ने किया जबकि संचालन सचिव रसोइया लीला देवी द्वारा किया गया। आज की बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजू कुमार राणा ने बताया कि रसोइया से इतना काम लिया जाता है जबकी मात्र 1650 रु प्रति माह मानदेय मिलता है जो दैनिक मजदूरी से काफी कम है राजू कुमार ने बताया कि रसोइयों को कम से कम 12 हजार मानदेय मिलना चाहिए।राजू कुमार ने बताया कि कि रसोइया संघ के तरफ से मानदेय बढ़ाने एवम अन्य सुविधाओं के लिए उच्च न्यायालय मे याचिका भी दायर किया गया है।वही मौके पर रसोइया संघ के सचिव लीला देवी,नीरा देवी सविता देवी एवम अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि रसोइया को चार माह से मानदेय नहीं मिला है ।रसोइया के परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो गई है। रसोइया संघ के सचिव लीला देवी सविता देवी सहित अन्य रसोइया ने मध्याह्न भोजन के बीआरपी जुबैरिया



मैडम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इनके द्वारा कभी भी बिद्यालयो की जांच नहीं किया जाता और न ही इनकी समस्याओं को उच्चाधिकारियों तक प्रेषित किया जाता है। गम्भीर आरोप लगाते हुए यह भी कहा गया कि रसोइया द्वारा जबरन विद्यालय का शौचालय साफ करवाया जाता है। शिकायत करने पर अधिकारी ध्यान नहीं देते है।

आज की बैठक मे रसोइया मे काफी गुस्सा देखा गया।रसोइयों ने सरकारी उपेक्षा को लेकर प्रधान मंत्री,मुख्यमंत्री और मध्याह्न भोजन के बीआरपी जुबैरिया के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया और होश मे आओ के नारे भी लगाए गए। बैठक मे मद्याह्न भोजन प्रभारी जुबैरिया के प्रति सभी रसोइया मे नाराजगी देखी गई ।रसोइयों की प्रमुख मागों मे बकाया भुगतान अविलंब किया जाय,मानदेय काम से काम 18000 रु किया जाए,सभी रसोइयों का बीमा कराया जाय विद्यालयों मे मध्याह्न भोजन चालू कराया जाय,एनजीओ द्वारा मध्याह्न भोजन को बंद किया जाय'। बैठक मे उच्चाधिकारियों को जल्द ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक मे सविता देवी,अनिता देवी,प्रभावती देवी,शकुंतला देवी,रीना देवी, निर्मला देवी,सुषमा देवी, लालो देवी, बिन्दा देवी रीता देवी सहित दूर दूर पंचायतों से आए 500 से अधिक रसोइया शामिल रही।

# बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण कार्य की हुई समीक्षा,शिविर प्रभारी को दिए गए कड़े निर्देश

विरेन्द्र चौहान,ब्यूरो किशनगंज

जिला पदाधिकारी,किशनगंज श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिलांतर्गत बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में आहूत की गई ।बैठक में अपर समाहर्त्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त एवं विशेष सर्वेक्षण के द्वारा बताया गया कि कुल चार अंचलों के 17 शिविरों में सर्वेक्षण का कार्य जारी है। जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी शिविर प्रभारी के साथ उनके अंचल के ग्रामवार गहन समीक्षा की गई।ग्रामवार समीक्षा के क्रम में कई स्थानों पर विशेष सर्वेक्षण के कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं पाई गई। समीक्षोपरांत कार्य में रुचि नहीं लेने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों,अमीन, कानूनगो,सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के अगस्त माह के 15 दिन का वेतन कटौती का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया,साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मियो से स्पष्टीकरण करते हुए अग्रेतर कारवाई करने का निर्देश दिया गया।क्षेत्र भ्रमण में अनुपस्थित पाए गए कानूनगो और कर्मियों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।एतद् स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है।गौरतलब हो कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अभिलेख एवं परिमाण निदेशालय) बिहार,पटना के निर्देश के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य जिलांतर्गत किशनगंज, बहादुरगंज, कोचाधामन एवं ठाकुरगंज अंचल में प्रक्रियाधीन है।आयोजित शिविर में प्राप्त हो रही रैयतों की शिकायतों / समाधान हेतु किशनगंज, बहादुरगंज,कोचाधामन एवं ठाकुरगंज अंचल में पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जाता रहा है। एलपीएम वितरण,किश्तवार, खानापूरी के कार्यों में रैयतवार सावधानी रखने की आवश्यकता होती है।इस समीक्षा बैठक में डीएम



के द्वारा सभी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी ,कानूनगो व विशेष सर्वेक्षण अमीन के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में शिविर स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा एवं शिविर कार्यालयों के सुरक्षा की स्थिति, विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य से संबंधित पंजी / अभिलेखों एवं कागजातों के स्थिति,विशेष सर्वेक्षण शिविर अन्तर्गत पदस्थापित कर्मियों की उपस्थिति,सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियाँ यथा ग्रामवार उद्घोषणा,रैयतों से स्वघोषणा की प्राप्ति,प्रपत्र 5 के संधारण तथा राजस्व ग्राम अभिलेख के संधारण,खेसरा पंजी के संधारण, याददास्त पंजी एवं अमीन डायरी का संधारण एवं खानापूरी प्रक्रिया अन्तर्गत खानापूरी पर्चा/एलपीएम वितरण की स्थिति, विभिन्न प्रक्रमों में रैयतों में सहभागिता की स्थिति एवं समस्या एवं उनके प्रति सर्वेक्षण कर्मियों के आचरण की समीक्षा भी की गई।बैठक में सभी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो,अमीन को विभागीय निदेशानुसार मासिक प्रगति से अवगत कराने,निर्धारित समय में लक्ष्य अनुरूप कार्य निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा एक-एक बिंदु यथा खानापूरी,याददास्त पंजी लेखन,एलपीएम वितरण की समीक्षा कर याददास्त पंजी लेखन का कार्य इस माह के अन्त तक समाप्त करने का निर्देश दिया गया। स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि उक्त कार्य के पश्चात प्रपत्र-6 प्रविष्टी आरंभ किया जाय। बैठक में 4 अंचल के सभी 407 ग्राम के कार्यों का अनुश्रवण किया गया।

# किशनगंज : इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव संपन्न

विरेंद्र चौहान ब्यूरो किशनगंज

रविवार की सुबह इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के 20 सदस्यीय मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव शुरू हुआ,जिसमें 25 सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। निवार्ची पदाधिकारी श्वेतांक लाल के नेतृत्व में चली इस चुनावी प्रक्रिया में रेड क्रॉस सोसाइटी के 1008 सदस्यों में से 866 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।छिटपुट हंगामे को छोड़कर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला पुलिस द्वारा उपद्रवी और अव्यवस्था फैलाने वाले पर कड़ी निगरानी की जाती रही। उपद्रव फैलाने वालों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई की व्यवस्था भी की गई। रविवार की शाम ही घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पांच उम्मीदवार मो आजाद,प्रभाकर कुमार साहा,प्रदीप कुमार साहा, शमशेर अहमद एवं लव कुमार साहा को छोड़कर बाकी अन्य सभी बीस



उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित किया गया,जिसमें 70 वोट प्राप्त करने वाले आभास कुमार साहा उर्फ मिक्की साहा को प्रथम,54 वोट प्राप्त करने वाले भावेश जालान को द्वितीय एवं 50 वोट प्राप्त करने वाले मनीष जालान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा अजय गुप्ता, अमित कुमार मंडल,डॉक्टर ईक्षित भारत,कुमार विशाल,दिलीप कुमार, धनंजय प्रसाद जायसवाल,नवीन कुमार साहा,नागरमल झावर,प्रकाश बोथरा,विमल मित्तल,बुलंद अख्तर हाशमी,रमेश प्रसाद साहा,शंकर लाल महेश्वरी,शाह फैसल,सत्यम कुमार साहा,सुरोजित कुमार दास, एवं सुमित शाह को निर्वाचित घोषित किया गया।

# बालू लदे ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कारवांदिया के सीताबीघा मोड पर बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अमरा तालाब के निवासी 35 वर्षीय रिंकू गुप्ता बताया जाता है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। वही पोस्टमार्टम कराने के बाद आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को थाना में रख कर अमरा तालाब पर मुख्य मार्ग पर जाम कर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बताया की युवक अपने घर का इकलौता कमाने वाला था। उसके पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। रिंकू मेहनत मजदूरी कर के अपनी मां और पत्नी व दो बच्चो का पालन पोषण करता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे को लेकर जम कर हंगामा किया। वही मुआवजे



की राशि दिलाने का भरोसा दिलाने का बाद आक्रोषित ग्रामीणों को शांत कराया गया। वही धक्का मारने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया की ट्रैक्टर चालको द्वारा लगातार ओवर लोडेड अवैध बालू की ढुलाई लगातार जारी है। थाना क्षेत्र पर करने के लिए ट्रैक्टर ड्राइवर तेजी में वाहन को चलाते है, जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। बता दें कि शनिवार को भी सासाराम नगर थाना क्षेत्र के फजलगंज में तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी।

# कर्नाटक से पैदल यात्रा करते हुए बिहार के जयनगर पहुंचे कृष्णन

जयनगर नित्यानंद झा राजू 27 अगस्त

देश को निरोग रखने के लिए योग और शुद्ध पर्यावरण का संदेश लेकर कर्नाटक से पूरे भारत की पदयात्रा पर निकले कृष्णन को जयनगर आगमन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयनगर इकाई के छात्रों ने नगर मंत्री विवेक कुमार पूर्वे की अगुवाई में मिथिलांचल की धरती पर जयनगर सुरेका अतिथि भवन के सभागार में गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया।

मौके पर छात्र युवा भाजयुमो नेता धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा ने कहा कि देश में योग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कर्नाटक के मैसूर से पदयात्रा पर निकला एक युवक कृष्णन जयनगर पहुंचा है। कृष्णन ने 28 राज्यों में युवाओं को योग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया है।` कृष्णन ने बताया कि मैसूर में 16 अक्टूबर 2022 के दिन पूर्व क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ ने तिरंगा लहराकर उसे पदयात्रा के लिए रवाना किया और शुभकामनाएं दी। अब तक वह 8 राज्यों का सफर तय कर चुके हैं, सभी राज्य में स्कूली बच्चे और कॉलेज के छात्रों से



मिलकर वह उन्हें पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक कर रहे हैंऔर पौधारोपण भी करवा रहे हैं। साथ ही वह युवाओं को योगा के प्रति ज्यादा जागरूक कर रहे है। जिससे युवा स्वस्थ रहेंगे तो एक स्वस्थ भारतवर्ष का निर्माण होगा।जयनगर के सुरेका अतिथि भवन के सभागार में कर्णाटक से निकले पैदल यात्री कृष्णण के अगवानी में छात्र नेता रवि सिंह, आदित्य पोद्दार,पुष्कर राय, हेमंत पूर्वे,अनुज कपड़ी,जय सुरेका , अंकित कुमार,नथूनी राम, सहित दर्जनों परिषद् के छात्र नेता मौजूद थे।

# माटीगाड़ा में नाबालिग हत्या मामले में! घर पर राज्य बाल संरक्षण आयोग

**उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा में एक नाबालिग स्कूली छात्रा की हत्या के मामले में राज्य बाल संरक्षण आयोग आज सिलीगुड़ी पहुंचा और मृतक नाबालिग के परिवार से मुलाकात की. इस दिन आयोग के सदस्यों ने मृतक की मां से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली.उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच और न्याय का आश्वासन दिया.



बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने राज्यपाल से मृतक के परिवार से मुलाकात पर सवाल उठाया. इसके बाद आयोग की अध्यक्ष सुदेशना रॉय सिलीगुड़ी स्टेट गेस्ट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब हुईं और कहा कि यह घटना काफी निंदनीय है. मैं आज परिवार से मिला। रिपोर्ट देखी। जल्द ही आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा।

वहीं, बाल संरक्षण आयोग की सलाहकार अनन्या चक्रवर्ती ने कहा कि आज पूरी घटना को देखने के साथ-साथ पुलिस जांच के दायरे को भी देखा गया है.

# चार लोगों को शराब पीना पड़ा महंगा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण,बीरेंद्र यादव जिला ब्यूरो औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से चार शराबी को धर दबोचा है शराबियों के पहचान 1. पप्पु कुमार उम्र 30 वर्ष पिता रतन मेहता ग्राम अजब बीघा 2.छोटू कुमार उर्फ अभिषेक कुमार उम्र 27 वर्ष पिता स्वर्गीय नरेश सिंह ग्राम न्यू अजनिया 3. नारायण चौधरी उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय लक्ष्मण चौधरी 4.जितेंद्र चौधरी उम्र 32 वर्ष पिता मोतीचंद चौधरी दोनों ग्राम नेयापुर को नेयापुर के रूप मे की गई हैं देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि सभी शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए पकड़े जाने पर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर/कंप्यूटर ऑपरेटर का हुआ बैठक।

**दैनिक समाज जागरण बीरेंद्र यादव जिला ब्यूरो औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद के गेट स्कूल के मैदान में बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर/कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की जिला इकाई औरंगाबाद के द्वारा सेवा समायोजन एवं अन्य मांगों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आलोक रंजन पाण्डेय ने की। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि सेवा समायोजन, वेतन विसंगति एवं सेवा शर्त को लेकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन भी करने पर विचार किया जायेगा। बेल्ट्रॉन के द्वारा आउटसोर्सिंग के तहत बहाल संविदा कर्मी के मानदेय से जीएसटी आदि की कटौती कर आर्थिक शोषण कर रही है। जिसकी विरोध की गई। प्रदेश संघ से संपर्क स्थापित किया जा रहा है जल्द ही सरकार के विरोध में प्रदर्शन की रणनीति तैयार किया जाएगा। उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा भी अपना विचार व्यक्त किया गया। सचिव विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में पारदर्शिता को लेकर डिजिटाइजेशन के कार्य में डाटा इंट्री ऑपरेटर की अहम भूमिका है। जिला कोषागार, राजस्व, पंचायती राज, आपदा, थाना, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग आदि लगभग सभी विभागों में कार्य कर रहे है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रामजी सिंह, दशरथ प्रसाद, सुमित कुमार सिंह, ब्रह्मानंद विश्वकर्मा, संतोष कुमार मेहता, संदीप कुमार सिन्हा, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, रागनी कुमारी, मनीष कुमार, आशुतोष कुमार अंशु, आदि मौजूद थे।



# सोमवार को कुटूम्बा थाना प्रभारी और अनुसंधानकर्ता सदेह उपस्थित रहे- न्यायालय।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, बिहार- झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अवर न्यायिक दंडाधिकारी षष्ठम मनीष



कुमार पांडेय ने कुटुम्बा थाना कांड संख्या 32/23 में सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी, एवं अनुसंधानकर्ता को शोकोज करते हुए कहा है कि न्यायालय में प्रस्तुत मामले की अधतन समस्त दस्तावेज, जख्म प्रतिवेदन, कांड दैनिकी प्रस्तुत करें और लिखित जवाब दें कि किन परिस्थितियों में न्यायिक आदेश का अनुपालन नहीं किया जा सका।

उपरोक्त तथ्यों की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कुटुंबा थाना कांड संख्या 32/23 की प्राथमिकी 15/02/23 को दर्ज कराई गई थी इस मामले के सुनवाई में कुछ आवश्यक दस्तावेज की मांग न्यायालय द्वारा कुटुंबा थाना से की गई थी, यही मांग हाईकोर्ट पटना द्वारा 26/07/23 को की गई,तब 01/08/23 को आरक्षी अधीक्षक औरंगाबाद को हाईकोर्ट के आदेश का शिघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने वास्ते पत्र लिखा गया था, इसके बावजूद भी 26/08/23 तक उल्लेखित दस्तावेज अप्राप्त होना घोर लापरवाही और न्यायिक आदेश का अवमानना मानते हुए शोकोज किया गया है।

